छत्तीसगढ़ विधान सभा

पत्रक भाग - एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

चतुर्थ विधान सभा   एकादश सत्र   अंक-02

<u>रायपुर, मंगलवार, दिनांक 28 फरवरी, 2017</u>

(फाल्गुन 9, शक संवत् 1938)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

निधन का उल्लेख

मानननीय अध्यक्ष ने अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व राज्यपाल श्री मोहम्मद शफी कुरैशी एवं डॉ. भाई महावीर, अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री सुंदरलाल पटवा, पूर्व सांसद एवं अविभाजित मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री श्री मानकूराम सोढ़ी, छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री श्री तरूण चटर्जी एवं अविभाजित मध्यप्रदेश विधान सभा की पूर्व सदस्य श्रीमती दुर्गावती पाटले के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री-डॉ.रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष-श्री टी.एस.सिंहदेव, श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय-राजस्व मंत्री, श्री अजय चंद्राकर-संसदीय कार्य मंत्री, श्री बृजमोहन अग्रवाल-कृषि मंत्री, सर्वश्री भूपेश बघेल, अमित अजीत जोगी, मोहन मरकाम-सदस्य ने भी शोकोद्गार व्यक्त किए।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्त परिवारों के लिए संवेदना प्रकट की गई।

दिवंगतों के सम्मान में सदन की कार्यवाही अपराह्न 12.08 बजे बुधवार, दिनांक 1 मार्च, 2017 (फाल्गुन-10, शक संवत् 1938) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

देवेन्द्र वर्मा
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा